



# इस रामनवमी मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के पांच गुणों को जीवन में उतारने का लें संकल्प

♦ लोगों के हृदय में प्रभु श्रीराम तो बसते हैं लेकिन आज लोग धर्म, सभ्यता, संस्कृति, कर्म और जिम्मेदारियों को भूलते जा रहे हैं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान राम को श्रीहरि विष्णु का 7वां अवतार कहा जाता है। उन्हें महान, आदर्श पुरुष, श्रेष्ठ राजा के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जाता है। लेकिन आज लोग धर्म, सभ्यता, संस्कृति, कर्म और जिम्मेदारियों को भूलते जा रहे हैं। बड़े बुजुर्ग अक्सर कहते हैं कि व्यक्ति अपने कर्मों से ही पहचान बनाता है। श्रीराम जी भी अपने इन्हीं गुणों के कारण मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाएं। रामनवमी के अवसर पर हम सभी को भगवान श्रीराम की तरह आदर्श बनने की जरूरत है। भगवान राजा राम अनेकों गुणों के धनी हैं। यदि आप उनके चरित्र के कुछ गुणों को भी अपने जीवन में अपना लेगें तो आप भी आदर्श पुरुष कहलाएं। इससे आपका जीवन भी सफल हो जाएगा। जानते हैं भगवान राम के इन गुणों के बारे में।



### धैर्यवान बनने की जरूरत

आजकल के पुरुषों में धैर्य और सहनशीलता के गुणों की कमी है। वे हर चीज को सबसे पहले और जल्दी पाने की इच्छा रखते हैं। लेकिन तत्परता व्यक्ति के बुरे गुणों में एक है जो आपके हर कार्य को बर्बाद कर सकती है। इसलिए जीवन में किसी चीज की भी तत्परता सही नहीं। आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को श्रीराम जी की तरह धैर्यवान होने की जरूरत है। भगवान राम ने कैकेयी की आज्ञा से पूरे 14 वर्ष वनवास में बिताए। भगवान राम के धैर्य की इसी पराकाष्ठा की जरूरत आज हर पुरुष को है।

### नेतृत्व क्षमता का गुण

व्यक्ति में नेतृत्व का गुण होना चाहिए। जो व्यक्ति सभी को एक साथ लेकर चलता है वही सफल हो पाता है। भगवान राम राजा होते हुए भी कुशल प्रबंधक के रूप में सभी को साथ लेकर चले। उनकी इसी नेतृत्व क्षमता के गुण की वजह से समुद्र पर सेतु का निर्माण हो पाया।

### दयालु स्वभाव

पुरुषों में दयालुता का भाव जरूर होना चाहिए। इससे व्यक्ति के छवि में निखार आता है। दयालुता भगवान राम के अनेकों गुणों में एक है। भगवान राम राजा थे इसके बावजूद भी उन्होंने सुग्रीव, हनुमानजी, निषादराज, केवट, जाम्बवंत और विभीषण सभी के साथ दयालुता दिखाई।

### बनें आदर्श भाई

सर्वश्रेष्ठ भाई के उदाहरण के लिए हमेशा राम-लक्ष्मण का नाम सबसे पहले लिया जाता है। आदर्श भाई बनने के लिए भी आपको भगवान राम के गुणों को जरूर अपनाना चाहिए। आज जहां सगे भाईयों के बीच रिश्तों में दरार आ रही है। वहीं लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न भगवान राम के सौतेले भाई थे। लेकिन इसके बावजूद भगवान राम ने सभी भाइयों के साथ सगे जैसा रिश्ता निभाया। भाइयों के प्रति उनके इसी प्रेम, त्याग और समर्पण के कारण उन्हें आदर्श भाई कहा जाता है।

### भगवान राम से सीखें मित्रता

मित्रता में छल-कपट नहीं होनी चाहिए। इस रिश्ते को दिल से निभाना चाहिए, जैसा कि रामजी ने निभाया। उन्होंने अपने मित्र केवट, सुग्रीव, निषादराज और विभीषण के लिए कई बार खुद संकट झेले।

## रामनवमी पर बन रहे कई शुभ योग... विधि-विधान से करें पूजा

चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि 30 मार्च को है। इस दिन बुधादित्य योग, गुरु आदित्य योग, अभिजित मुहूर्त जैसे कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। ऐसी मान्यता है कि इस शुभ मुहूर्त में किए गए पूजा मनोकामना से दोगुना फल प्राप्त होता है। आइए रामनवमी पर जानते हैं भगवान राम की पूजा शुभ मुहूर्त और पूजा विधि मंत्र। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि बुध बुधवार को रात 09 बजकर 07 मिनट से शुरू हो रही है, जिसका समापन 30 मार्च को रात 11 बजकर 30 मिनट पर होगा। भगवान राम का जन्म दोपहर 12 बजे हुआ था। ऐसे में भगवान राम की पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 17 मिनट से दोपहर 01 बजकर 46 मिनट तक है।

**रामनवमी पूजा विधि:** रामनवमी के दिन यानी 30 मार्च को ब्रहम्हमुहर्त में उठकर स्नान करने के बाद सूर्य देव को तांबे के लोटे से अर्घ्य दें। इसके बाद से घर के मंदिर की साफ-सफाई करके भगवान राम लला को पीतांबरी पहनाएं और उन्हें पीले पुष्प, चंदन



अर्पित करें। अब आप रामचरितमानस की पूजा करते हुए सुंदराकांड का पाठ करें।

**राम नवमी मंत्र:** रामनवमी के दिन मानसिक शांति के लिए 'ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्री नमः मंत्र का 108 बार जाप करें।

**सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मंत्र:** यदि आप अपने वैवाहिक जीवन को खुशहाल रखना चाहते हैं तो इस दिन श्री राम राम रमेत रमे रामे मनोरमे सहस्रनाम तत्तुल्यं श्री राम नाम वरानने का जाप करें।

## खबरें फटाफट

### यूपी में निकाय चुनाव का आज जारी होगा नोटिफिकेशन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव के अधिनियम में संशोधन से जुड़े अध्यादेश को बुधवार को कैबिनेट की बैठक में पास किया गया है। आरक्षण को लेकर अंतिम सूची जारी की जाएगी और सरकार की ओर से चुनाव को लेकर गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई। इस बैठक में कुल 23 बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर जल्द अधिसूचना जारी होगी। बृजेश पाठक ने साथ ही बताया कि यूपी में दो सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव में बीजेपी को जीत हासिल होगी।

### पटना से रांची के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस अप्रैल से

**पटना।** पटना से रांची के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन अप्रैल महीने से शुरू होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर इसको रवाना करेंगे। यह ट्रेन सप्ताह में 6 दिन चलेगी। वंदे भारत ट्रेन सुबह पटना से खुलेगी, वहीं, दोपहर में हटिया से पटना वापस लौटेगी। इस ट्रेन के शुरू होने के साथ ही पटना और रांची के बीच का सफर मात्र 7 घंटे में पूरा हो जाएगा।

### उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर दी लोगों को शुभकामनाएं

# योगी ने कुशीनगर को दी 451 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**एजेंसी/कुशीनगर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कुशीनगर में 451 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने जल्द ही एग्रीकल्चर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यायल की शुरूआत करने की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने 106 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। वहीं सीएम ने 9 करोड़ से बने खड्डा तहसील के भवन का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब माफिया पर नहीं, महोत्सव पर भरोसा करता है। आप देख रहे हैं कि पहले कोई त्योहार होता था तो बड़ी हलचल मचती थी। अब रामनवमी और रमजान एक साथ चल रहे हैं। लेकिन किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं है, कोई उपद्रव नहीं हो रहा है। पहले बात-बात पर उपद्रव शुरू कर दिया जाता था और प्रशासन सिर्फ देखता रहता था। अब यूपी में ऐसा नहीं हो रहा।

इससे पहले सीएम योगी ने खड्डा तहसील में जनसभा का शुभारंभ कर लोगों को अष्टमी और रामनवमी की शुभकामनाएं दी। सीएम ने कहा, ये बुद्ध की स्थली है। भगवान राम से जुड़ी स्मृतियां आज भी कुशीनगर से जुड़ी हैं। रामनवमी से एक दिन पहले मुझे यहां आने का अवसर मिला, आप सभी को शुभकामनाएं। सीएम ने कहा कि पूर्वांचल क्षेत्र में इंसेफेलाइटिस सबसे बड़ी बीमारी थी। सैकड़ों लोगों की बिना इलाज के या कम संसाधनों के चलते मौत हो जती थी। हमारी सरकार ने कुशीनगर से इंसेफेलाइटिस से मुक्ति दिलाई। यहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। विकास की योजनाओं में हर क्षेत्र में बराबर का ध्यान दिया जा रहा है। सीएम ने कहा, यह बुद्ध की स्थली है, यहां देश विदेश से लोग आते हैं। कुशीनगर के लोगों का एयरपोर्ट एक सपना था। हमारी सरकार ने इसे गंभीरता से लिया, ताकि दुनिया भर में कुशीनगर को एक अलग पहचान मिले। हमारी सरकार ने यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनवाया। अब तो इसमें विमान उड़ान भी भरने लगे हैं।



### गोरखपुर के धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में लगेंगे उद्योग: सीएम

सीएम योगी आदित्यनाथ बुधवार को गोरखपुर के गोला तहसील के भरौली गाव में बाबू आरएन सिंह डायलिसिस सेंटर के लोकार्पण और स्मृतिशेष आरएन सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह में शामिल हुए। समारोह में सीएम ने कहा कि दशकों तक पिछड़ेपन का दंश झेलने वाले गोरखपुर के दक्षिणांचल में शानदार रोड कनेक्टिविटी, एक्सप्रेसवे, बायो फ्यूल प्लांट, इंडस्ट्रियल टाउनशिप जैसी परियोजनाएं विकास की नई चमक बिखेर रही हैं। लिंक एक्सप्रेसवे के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप से जुड़कर दक्षिणांचल के लोग अब गिरमिटिया मजदूर नहीं बल्कि उद्योगपति बनेंगे। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि गोरखपुर का दक्षिणांचल डबल इंजन सरकार में विकास के पथ पर बुलेट ट्रेन जैसी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। यहां राम जानकी मार्ग का कायाकल्प हो रहा है। धुरियापार में बायोफ्यूल प्लांट की स्थापना की जा रही है। इससे यहां के लोगों को खरपतवार व गोबर का भी पैसा मिलेगा। दक्षिणांचल पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिंक एक्सप्रेस वे से जुड़ रहा है। लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे बड़े-बड़े उद्योग लगेंगे। सीएम ने कहा कि धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में बंजर जमीन खरीद कर उद्योग लगाए जाएंगे। उद्योगों के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी।

**कुशीनगर में जल्द शुरू होगा कृषि विश्व विद्यालय:** सीएम ने कुशीनगर में बहुत जल्द कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिलान्यास करने की बात कही। कहा कि इससे बस्ती, संत कबीर नगर, मऊ, बलिया और आजमगढ़ के लोग कृषि विश्वविद्यालय से लाभ ले सकेंगे।

## रहें सतर्क... फिर बढ़ रहा कोरोना संक्रमण का खतरा, अस्पतालों में मास्क पहनना अनिवार्य

**केटी न्यूज/बक्सर**

धीरे-धीरे ही सही लेकिन लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामले भी चिंता का विषय हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। मास्क और वैक्सीन का कवच एक बार फिर जरूरी है। बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अपनी ओर से कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहता है। इस क्रम में विभाग ने सभी अस्पतालों में मास्क को अनिवार्य कर दिया है। साथ ही विभाग का निर्देश है कि जिले में टेस्टिंग, ट्रैकिंग, ट्रीटमेंट और कोरोना टीकाकरण पर एक बार फिर बल दिया जाये। गुजरात, केरल, महाराष्ट्र सहित देश के कई राज्यों में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने बिहार सरकार को अस्पतालों में पूरी तैयारी रखने और कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही तैयारियों की जमीनी हकीकत को जानने के लिए 10-11 अप्रैल को अस्पतालों में मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह निर्देश दिए हैं।

### मास्क के साथ वैक्सीन जरूरी

जिले में कोरोना का संक्रमण भले ही नहीं हो रहा है, लेकिन इसकी संभावना को नजरअंदाज करना लोगों को महंगा पड़ सकता है। इसलिए लोग इसकी गंभीरता को देखते हुए मास्क लगाने के साथ-साथ अनिवार्य रूप से भीड़ भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें और अपने स्तर से सावधानी बरतें। जिन लोगों ने निर्धारित अवधि पूरी होने के बावजूद भी वैक्सीन की दूसरी और प्रीकॉशनरी डोज नहीं ली है, वे जल्द से जल्द अपनी निर्धारित डोज लेने का प्रयास करें। तभी हम सभी कोरोना की संभावित लहर को रोक सकेंगे।

– **डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा**, सिविल सर्जन, बक्सर






### महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने पटना में मीडिया से की बात

# देश को बेचने में लगी है भाजपा सरकार: पटोले

**केटी न्यूज/पटना**

महाराष्ट्र के कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले बुधवार को पटना पहुंचे। उन्होंने मीडिया से कई मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी की सदस्यता जाने पर कहा कि देश मे नरेंद्र मोदी की हुकुमशाही सरकार का विरोध करेंगे। कांग्रेस देश के लोकतंत्र को बचाएगी। बीजेपी देश को बेचने का काम कर रही है। वहीं, सीएम नीतीश कुमार के विपक्षी एकता को लेकर सवाल पर उन्होंने कहा कि इस समय देश मुसीबत में है। विपक्षी एकता का काम कांग्रेस के बगैर आसान नहीं है। बीजेपी को हराना है तो दिल्ली में बैठकर सबको रणनीति बनाना चाहिए। नाना पटोले ने कहा कि बीजेपी सरकार बिहार के लिए स्पेशल



पैकेज देने की बात कही लेकिन बिहार को पैसे नहीं मिले। बिहार में घर-घर जाकर कांग्रेस बीजेपी के खिलाफ आंदोलन करेगी। बिहार में कांग्रेस मजबूती से खड़ी होगी और लोगों के बीच अपना विश्वाश जताएगी। बीजेपी ने संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने का प्लान बनाया है। अडानी पर सवाल उठाने के कारण राहुल गांधी को सजा मिली है।

**देश के युवाओं को गुमराह किया जा रहा है:** पटोले ने कहा कि देश के युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। देश का डिफेंस व्यवस्था अडानी के हाथ में चला गया है। नीरव मोदी ने अपने देश के लोगों के पैसों का घोटाला किया। राहुल गांधी ने उसको चोर कहा तो बीजेपी देश के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है. गांधी परिवार ने देश के लिए अपने परिवार वालों को बलिदान दिया है। बीजेपी के तानाशाह प्रवृति का कांग्रेस जवाब देगी। कहा कि राहुल गांधी के साथ जो बीजेपी सरकार कर रही है, उसको उसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। कहा कि आज देश मुसीबत में है और ऐसे समय में मैं बड़ा कि तू बड़ा, ये नहीं होना चाहिए. पूरे देश की पार्टी कांग्रेस है। सभी विपक्षी पार्टियां यदि बीजेपी का विरोध करना चाहती है तो दिल्ली में रणनीति बनानी चाहिए।

## नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को दी नसीहत, कहा- वाजपेयी से सीखें

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बड़ी नसीहत दी है। सीएम नीतीश ने बुधवार को संवाददाताओं से बात करने के दौरान जब उनसे केंद्र सरकार से संबंधित प्रश्न किया गया तो बिना पीएम मोदी का नाम लिए उन्होंने कहा कि पहले की केंद्र सरकार की हम तारीफ करते हैं और वे (मोदी) हैं कि सिर्फ अपने काम की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यों की हम काफी तारीफ करते हैं। उन्होंने कभी किसी से झगड़ा नहीं किया। हिंदू मुस्लिम सबके वे पक्ष में रहते हैं। ये (मोदी) लोग क्या कर रहे हैं अब ये लोग जानें। सीएम नीतीश ने कहा कि वे (मोदी) कोई काम नहीं कर रहे हैं सिर्फ अपना प्रचार करने में लगे हुए हैं। जब हम उन्हें छोड़कर इधर आ गए तो फिर से केस मुकदमा का दौर शुरू हो गया है। हमलोग विकास का काम करते हैं, जनहित में काम करते हैं। हमलोग जो भी बिहार में बढ़िया काम करते हैं उसकी कहीं खबर नहीं रहती है जो हमारे खिलाफ बोलता है उसकी खूब खबर छपती है।



## खबरें फटाफट

### अब बिहार में होगा भाजपा का सीएम: सम्राट चौधरी

**सासाराम।** बिहार बीजेपी की कमान मिलने के बाद सम्राट चौधरी बुधवार को रोहतास पहुंचे। रोहतास में जगह-जगह कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। बिहार भाजपा अध्यक्ष भोजपुर होते हुए सड़क मार्ग से रोहतास पहुंचे। उनका काफिला टॉल प्लाजा के पास स्थित जिला भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां कार्यकताओं को उन्होंने संबोधित किया। सम्राट चौधरी ने कहा कि वे बिहार भाजपा के 21 वें अध्यक्ष हैं, और 21 शुभ अंक होता है। कहा कि अबतक बिहार भाजपा दूसरों को मुख्यमंत्री बनाती रही है, कपूरी ठाकुर और लालू यादव को भी पहली बार भाजपा ने ही सीएम बनाया। नीतीश कुमार को 5 बार सीएम बनाया। लेकिन अब केंद्रीय नेताओं की इच्छा है अब भाजपा का सीएम होगा। कहा कि अगले 6 माह में पार्लियामेंट चुनाव की स्थिति स्पष्ट होने लगेगा, उसके बाद बिहार विधानसभा चुनाव की रूपरेखा बनने लगेगी। सभी कार्यकताओं के जोर से पार्टी सत्ता में आएगी। इसके बाद बिहार भाजपा के अध्यक्ष रेलवे मैदान पहुंचे, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के तैयारियों का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि गृहमंत्री अमित शाह आगामी 2 अप्रैल 2023 को सासाराम के रेलवे स्टेडियम में सम्राट अशोक जयंती में शामिल होने आ रहे हैं। उनके साथ बीजपी के देश-प्रदेश के अन्य बड़े नेता भी होंगे।

### सम्राट अशोक की जयंती का दिन ऐतिहासिक दिन

**सासाराम।** राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा पहुंचे और जिला मुख्यालय सासाराम में बुधवार को सम्राट अशोक जयंती पर निकाली गई रैली में शामिल हुए। मौके पर संबोधित करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक की जयंती का दिन ऐतिहासिक दिन है। उपेंद्र कुशवाहा कहा कि सदियों तक दुनिया में लोग हिंदुस्तान को जानते थे तो सम्राट अशोक के नाम से जानते थे। आज के देश से दो गुनी बड़ी सीमा सम्राट अशोक के समय हुआ करती थी। यहां की धरती से उसपर शासन किया जाता था। अशोक चक्र आज भारत की पहचान है। लेकिन सम्राट अशोक का इतिहास अभी भी धूमिल पड़ा है। संबोधन के बाद रैली निकाली गई, जिसमें उपेंद्र कुशवाहा शामिल हुए। बताते चलें कि उपेंद्र कुशवाहा अपनी विरासत बचाओं यात्रा के क्रम में दस दिन पूर्व ही रोहतास पहुंचे थे। आज फिर उनके रोहतास पहुंचने एवं सम्राट अशोक जयंती के रैली में शामिल होने को भाजपा की राजनीति से जोड़ के देखा जा रहा है। भाजपा द्वारा इस बार सम्राट अशोक की जयंती सासाराम में आयोजित की जा रही है। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होने जा रहे हैं।

# नौनिहालों को लुभा रहा सदर प्रखंड स्थित रामपुर छपरा का मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र

**केटी न्यूज/आरा**

- मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र की महिला लाभुकों को समय पर मिलता है टीएचआर
- केंद्र पर नामांकित बच्चे खेल खेल में ही सीखते हैं पढ़ाई

पूर्व में आंगनबाड़ी केंद्र का नाम सुनते ही हमारे जेहन में एक जर्जर भवन अथवा झोपड़ी की तस्वीर आ जाती थी, जहां झुग्गी झोपड़ी में बच्चे खेलते रहने वाले बच्चे नजर आते थे। लेकिन जब सरकार के प्रयासों की बदौलत आंगनबाड़ी केंद्र सभी प्रकार की सुविधाओं से लैस हो चुके हैं।

जहां आंगनबाड़ी केंद्र के भवन और परिसर एक निजी स्कूल की भांति चकाचक तो हैं ही, साथ ही सरकार और समेकित बाल विकास सेवा योजना के तहत मिलने वाले लाभ लाभुकों को समय पर मिल रहे हैं। भोजपुर जिले में भी एक ऐसा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र है को नौनिहालों को लुभाता है, वहीं उक्त इलाके में गर्भवती और प्रसूति महिलाओं को नियमित रूप से टीएचआर मिलता है। हम बात कर रहे हैं भोजपुर जिले के सदर प्रखंड (ग्रामीण परियोजना) के रामापुर सनदियां स्थित रामपुर छपरा गांव में वार्ड नंबर पांच के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 91 की। जिसका सरकार के महत्वकांक्षी योजना के तहत मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में कायाकल्प किया गया। जिसके बाद इसकी तस्वीर तो



बदली ही, वरन केंद्र के पोषण क्षेत्र में नामांकित बच्चों और लाभुक महिलाओं को नियमित योजनाओं का लाभ भी मिलना शुरू हुआ। केंद्र की सेविका रफत शहिना की बदौलत ही संभव हो सका है।

**नियमित रूप से आते हैं बच्चे :** ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद भी मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र एक निजी स्कूल की भांति दिखता है। केंद्र का भवन रंग रोगन कर खूबसूरत बना दिया गया है। भवन के अंदर की दीवारों पर तरह-तरह के कार्टून बनाए गए हैं जो बच्चों को सहज ही लुभा रहे हैं। इसके साथ ही केंद्र के दीवारों पर गिनती पहाड़ा एवं ज्ञान मूलक बातें भी अंकित की गई है। नौनिहालों के बैठने के लिए तरह-तरह के डिजाइनर कुर्सी टेबल की व्यवस्था की गई है। उन्हें खेल-खेल में पढ़ाने के लिए तरह-तरह के खिलौने भी प्रदान किए गए हैं। जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्र के पोषण क्षेत्र के सभी नामांकित बच्चे निगमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र आते हैं और छुट्टी के समय अपने घरों को जाते हैं। साथ बच्चों को मेन्यू चार्ट के अनुसार मिड डे मील भी उपलब्ध कराया जाता है।

### टीसीएचआर के साथ मिलता है बेहतर परामर्श

पोषण क्षेत्र की लाभुक उपेंद्र राम की पत्नी रानी देवी ने बताया कि सेविका रफत शहिना क्षेत्र की सभी गर्भवती और प्रसूति महिलाओं की नियमित रूप से जांच करवाती हैं। साथ ही, समय पर अरोग्य दिवस शिविर का आयोजन करती हैं। जिससे गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों को समय पर जरूरी इंजेक्शन मिल पाता है। आंगनबाड़ी केंद्र के कारण उन्हें जरूरी इंजेक्शन के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है। साथ ही, नवजातों और केंद्र में नामांकित बच्चों का स्वास्थ्य जांच भी कराया जाता है। जिससे उनकी उम्र के अनुसार लंबाई और वजन के संबंध में नामांकित बच्चों के अभिभावक भी जागरूक हो चुके हैं।

### फाइलों के संधारण के साथ व्यवस्था बेहतर

समेकित बाल विकास सेवा अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक पियूष पराग यादव ने बताया कि विभाग के द्वारा शुरू किए गए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का लाभ अब लोगों को बेहतर मिलने लगा है। रामपुर छपरा स्थित केंद्र संख्या 91 में 30 बच्चे नामांकित है और 16 महिलाओं को लाभ दिया जाता है। केंद्र के सभी लाभुकों की फाइल अपडेट रहती है। चाहे वो नामांकित बच्चे हो या फिर गर्भवती और प्रसूति महिलाएं। साथ ही, केंद्र पर विभाग के मानक के अनुसार सारी व्यवस्था बेहतर है। यह मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र जिले के बाकी केंद्र के लिए एक नजीर है।

## आराध्या हत्याकांड का चार दिन बाद हुआ खुलासा, पिस्टल और दो गोलियां बरामद

# घर में रखे अवैध पिस्टल से चली गोली से गयी थी बच्ची की जान, पिता गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाने के भेलाई गांव निवासी आठ साल की बच्ची आराध्य की हत्या की गुत्थी पुलिस ने चार दिन में सुलझा दी। आराध्या की जान उसके पिता कृष्णा कुमार सिंह के अवैध पिस्टल से चली गली से गयी थी। बेटी की मौत के बाद कृष्णा कुमार सिंह की ओर से विरोधियों को फंसाने का तानाबाना बुना गया और चार लोगों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी। उस मामले में कृष्णा कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके घर से उस पिस्टल को भी बरामद कर लिया गया है।?? मौके से दो गोलियां भी जब्त की गयी है। कृष्णा कुमार सिंह द्वारा पुलिस की पूछताछ में अपना गुनाह भी स्वीकार कर लिया गया है।

एसपी प्रमोद कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भेलाई निवासी कृष्णा कुमार सिंह के भाई की 2019 में हत्या कर दी गयी थी। उसके बाद से वह अपने पास एक अवैध पिस्टल रखते थे। 24 मार्च की रात पिस्टल कमरे में बिछावन के नीचे रखा गया था। उसी कमरे में आराध्या पढ़ाई कर रही थी। तभी उसके हाथ पिस्टल लग गया और





- खेलने के दौरान बच्ची से दब गया था पिस्टल का ट्रिगर और चल गयी गोली
- बेटी की मौत के बाद पिता ने विरोधियों को फंसाने के लिए किया था हत्या का केस
- पिता पर पुलिस को गुमराह करने और झूठा केस करने का भी आरोप

वह उससे खेलने लगी। खेलने के दौरान पिस्टल से गोली चल गयी और आराध्या को लग गयी थी। उसमें गंभीर रूप से जख्मी आराध्या की मौत हो गयी थी। उसके बाद कृष्णा कुमार सिंह की ओर से अपने विरोधियों को फंसाने के लिए उनपर हत्या का केस दर्ज करा दिया गया था। कृष्णा कुमार सिंह पर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेजा जा रहा है। उस पर पुलिस को गलत सूचना देने, अफवाह फैलाने और झूठा केस करने का भी मामला दर्ज किया जा रहा है। इस केस का खुलासा करने में एएसपी हिमांशु, प्रशिक्षु डीएसपी सह उदवंतनगर थानाध्यक्ष काजल जायसवाल, निवर्तमान थानेदार अवधेश कुमार और डीआईयू टीम की भूमिका सराहनीय रही।

**तकनीकी जांच के जरिए गुत्थी सुलझाने में सफल रही पुलिस :** भोजपुर पुलिस को आराध्या हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में तकनीकी आधारित जांच से काफी सफलता मिली है। बच्ची के परिजनों का विरोधाभास बयान भी काफी काम आया। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि हत्या को गंभीरता से लेते हुए एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गयी थी। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी बुलायी गयी थी। टीम द्वारा तकनीकी आधार पर जांच शुरू की गयी। हर बिंदु पर गहन छानबीन की गयी। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सर्विलांस की मदद ली गयी। बच्ची के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गयी। जांच के क्रम में सीसीटीवी में छेड़छाड़ की बात सामने आयी। उसके बाद प्राथमिकी में नामजद आरोपितों के लोकेशन की जांच की गयी। उसमें उनके भोजपुर आने का सबूत नहीं मिला। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की जांच में भी हत्या की बात कंफर्म नहीं हो सकी। उसके बाद बच्ची के पिता से पूछताछ की गयी।

**अस्पताल में कही गयी छत से गिरने की बात :** एसपी ने बताया कि तफ्तीश में जुटी टीम द्वारा गोली लगने के बाद बच्ची को इलाज के लिए जिस अस्पताल में ले जाया गया था, उसके डाक्टर और स्टाफ से पूछताछ की गयी। वहां बताया गया है कि परिजनों की ओर से बच्ची के छत से गिरने की बात कही गयी थी। लेकिन जांच में गोली लगने की बात सामने आयी। उस पर पुलिस को सूचना देने की बात कहने पर परिजन बच्ची को लेकर घर चले गए। उधर, हत्या की टाइमिंग को लेकर परिजनों के बयान में काफी विरोधाभास था। उस आधार पर मृत बच्ची के पिता कृष्णा कुमार सिंह से पूछताछ शुरू की गयी, तो मामला साफ हो गया।

**सिलिंग फैन से टकराने के बाद बच्ची के कंधे के पास लगी गोली :** एसपी के अनुसार पूछताछ में कृष्णा कुमार सिंह ने पूछताछ में बताया कि पिस्टल बिछावन के नीचे रखा गया था। उसके बाद वह भूल गये थे। बच्ची उसी कमरे में पढ़ाई कर रही थी। तभी उसके हाथ पिस्टल लग गया।?वह पिस्टल से खेलने लगी। उसी क्रम में गलती से पिस्टल कि ट्रिगर दब गया और गोली चल गयी। एसपी के अनुसार गोली पहले सिलिंग फैन में लगी। पंखे से टकराने के बाद नीचे लौटी और बच्ची के कंधे पर जा लगी। पोस्टमार्टम के दौरान भी बात यह सामने आयी थी कि गोली में लगने के बाद नीचे आयी थी। टीम भी शुरू से ऊपर की ओर से लगी गोली के आधार पर ही जांच कर रही थी। बताया कि फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम की ओर से भी तफ्तीश के बाद उपर की ओर से गोली लगने की बात की पुष्टि की गयी है।

# हेलमेट को लेकर पुलिस फायरिंग मामले में ओपी प्रभारी लाइन हाजिर

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

- कई कर्मियों पर गिरी गाज, एसपी ने दोषियों के खिलाफ शुरू कर दी कार्रवाई

जिले में बीते दिन वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को गोली मारने की घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। इस क्रम में एसपी दीपक रंजन ने तत्काल जांच करते हुए बड़ी कार्रवाई की। मामले में एसपी ने ओकरी ओपी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी ने बताया कि मंगलवार को ओकरी ओपी अध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अनंतपुर गांव के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाई। इस दौरान बाइक सवार एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। भगाने के क्रम में तैनात एएसआई मो. मुमताज ने अपने सर्विस रिवाल्वर से फायरिंग कर दी, जिसमें गोली युवक के पेट मे लग गई। स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को हिलसा प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।पुलिस घायल व्यक्ति के परिजनों के संपर्क में लगातार है। इसके बावजूद उसके परिजनों ने अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं की है।

हालांकि की पुलिस ने अपनी ओर से एएसआई के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेजने की प्रक्रिया कर रही है। वहीं, घायल युवक की पहचान नालंदा जिले के तेल्हाड़ा थाना अंतर्गत कोरथु गांव निवासी रविन्द्र यादव के पुत्र सुधीर कुमार के रूप में हुई है।घायल युवक की हालत



गंभीर बताई जा रही है। घायल युवक के पिता ने ओकरी पुलिस पर गोली मारने का आरोप लगाया है। घायल युवक के पिता ने बताया कि ओकरी ओपी की पुलिस अनंतपुर गांव के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस बीच उनका लड़का सुधीर वहां से बाइक लेकर गुजर रहा था। सिर पर हेलमेट और ड्राइविंग लाइसंस नहीं रहने के कारण वह पुलिस को देखते ही भागने लगा। सुधीर को भागते देख पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन जब वह नहीं रुका तो पुलिस ने गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को आनन-फानन में हिलसा प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं, इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।

# डिलेवरी बॉय से लूट में दो अपराधी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

- तकनीकी सूत्र के जरिए लुटेरों तक पहुंची पुलिस, खंगाल रही आपराधिक रेकॉर्ड

चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा मठिया मोड़ के पास डिलेवरी बॉय से लूटपाट का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। डिलेवरी बॉय से लूटे गये दोनों मोबाइल भी बरामद कर लिये गये हैं। पकड़े गए लुटेरों में संदेश थाने के तिर्थकौल गांव निवासी चंदन कुमार और विष्णु कुमार शामिल हैं। मंगलवार की रात दोनों को संदेश इलाके से ही पकड़ा गया। एसपी प्रमोद कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयर थाना क्षेत्र के आटापुर गांव निवासी और इकार्ट कंपनी का कर्मचारी ज्योति प्रकाश पिछले साल 16 अक्टूबर को सामान की डिलीवरी करने चांदी थाने के सलेमपुर जलपुरा गांव गया था। तभी जलपुरा मठिया मोड़ के पास बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा हथियार का भय दिखा उससे दस हजार रुपए नगद, डिलेवरी करने ले गये दो मोबाइल और एटीएम कार्ड आदि लूट लिया गया था।

उस कांड के अपराधियों की गिरफ्तारी और सामान की बरामदगी को एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। जांच में जुटी टीम को तकनीकी सूत्र और मोबाइल के जरिए लूट में शामिल दलों अपराधियों की पहचान करने में सफलता मिली। उसके बाद मोबाइल सर्विलांस के जरिए मंगलवार की रात दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। अपराधियों के पास से लूटे गये दोनों मोबाइल भी बरामद कर लिये गये। उन्होंने बताया दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। छापेमारी टीम में चांदी थानाध्यक्ष पूनम कुमारी और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे। बताते चलें कि संदेश- चांदी इलाके सहित नासरीगंज-सकड्डी हाईवे पर लूटपाट करने में तिर्थकौल व आसपास के गांव के कुछ लड़कों का गिरोह काफी सक्रिय है। गिरोह के कई सदस्य पूर्व में गिरफ्तार भी किये जा चुके हैं।







## पोषण पखवाड़ा पर विशेष: मोटे अनाज के प्रति जागरूकता के लिए ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता

# सभी के लिए पोषण से भरपूर है मोटा अनाज: डॉ. कौशल किशोर

- क्विज में कुल बीस प्रश्नों का देना है जवाब
- उत्तीर्ण होने पर प्रतिभागी को मिलेगा ई-सर्टिफिकेट

**केटी न्यूज/पटना**

संतुलित और पौष्टिक भोजन के रूप में मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए समेकित बाल विकास सेवा निदेशालय (आईसीडीएस) ने अनोखी पहल की है। आईसीडीएस ने जन-जन को इसके लाभ से अवगत कराने के लिए ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की है। इसमें कुल बीस प्रश्नों के उत्तर देने होंगे और उसके बाद उत्तीर्ण होने पर प्रतिभागी के ईमेल पर प्रिंट कराने योग्य ई-सर्टिफिकेट प्राप्त होगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए https://forms.gle/w6kyLxaXaSaguXLL6



लिंक पर क्लिक करना होगा। सूबे में अभी पोषण पखवाड़ा चल रहा है। यह 20 मार्च को शुरू हुआ था और यह 3 अप्रैल तक चलेगा। इस पखवाड़े में आम लोगों को मोटे अनाज यानी "श्री अन्न" (ज्वार, बाजरा, मड़ुआ, कोदो, कुटकी आदि) को अपने मुख्य भोजन में शामिल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए जागरूकता के तरह-तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस कड़ी में ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता नई पहल है जिसमें किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है।

**देना है अपने बारे में सामान्य जानकारी और बीस प्रश्नों का जवाब :** इस क्विज प्रतियोगिता के लिए जारी लिंक पर क्लिक करते ही एक गूगल फॉर्म खुलता है। इसमें प्रतिभागी को सबसे पहले अपने बारे में सामान्य जानकारी देनी होती है, जैसे अपना ईमेल, नाम, जिले का नाम, मोबाइल नंबर आदि। उसके बाद बीस सवालों वाले प्रश्न-पत्र का पिटारा खुलता है। ये सभी बहुविकल्प वाले प्रश्न होते हैं तथा प्रतिभागी को इसमें से सही उत्तर चुनना होता है। इस प्रक्रिया में बमुश्किल पांच मिनट का समय लगता है। क्विज में उत्तीर्ण होने पर प्रिंट कराने योग्य ई-सर्टिफिकेट ईमेल पर भेजा जाता है।

**पोषणयुक्त मोटे अनाज अपनाने से किसान भी होंगे खुशहाल :** आईसीडीएस के निदेशक कौशल किशोर ने इस सम्बन्ध में बताया कि मोटे अनाज या श्री अन्न का उपयोग केवल शारीरिक पोषण के लिए ही नहीं, सबल राष्ट्र के निर्माण के लिए भी जरूरी है। स्वस्थ शरीर, संतुलित शारीरिक विकास और शारीरिक अंगों के ठीक से काम करने के लिए ये बेहद जरूरी है। ऐसा करने से हम अस्पताल के खर्च और दवाई से काफी समय तक बचे रह सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को विशेष रूप से इसे समझने की जरूरत है। उन्होंने आम लोगों से मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, मड़ुआ, कोदो, कुटकी जैसे सर्वसुलभ श्री अन्न का उपयोग बढाने और अपने मुख्य भोजन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसा करके हम अपने पोषण के स्तर को तो बढ़ाएंगे ही। साथ ही देश के किसानों और स्थानीय बाजार को भी उन्नत और लाभकारी बनाने में सहयोग करेंगे। उन्होंने जीवन शैली ठीक करने, आचार-व्यवहार जलवायु के अनुकूल बनाने और पोषण संबंधी भ्रांतियों को दूर करने की बात कही।

# राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, जीता पुरस्कार

♦ वाद विवाद, तर्क शक्ति, स्पेलिंग, क्वीज आदि प्रतियोगिता में सफल छात्रों को किया गया पुरस्कृत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शिक्षा का अलख जगाना सबसे पूण्य का काम है। वर्तमान समय में निजी विद्यालय शिक्षा की धुरी बनते जा रहे हैं। उक्त बातें अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धनंजय त्रिपाठी ने बुधवार को स्थानीय राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में कही। वे स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर ब्रह्मा ठाकुर के प्रयासों तथा छात्रों की प्रतिभा की जमकर सराहना की। इसके पहले मुख्य अतिथि श्री तिवारी के साथ ही विशिष्ट अतिथि एएसपी राज व निदेशक ब्रह्मा ठाकुर ने संयुक्त रूप से वार्षिकोत्सव समारोह का उद्घाटन किया। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।







छात्र-छात्राओं द्वारा एकल गीत, समूह गीत, नृत्य, कौव्वाली आदि की बड़ी ही मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके अलावे विद्यालय परिवार द्वारा वार्षिकोत्सव पर विद्यालय के छात्रों के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता, तर्क शक्ति, स्पेलिंग, क्वीज प्रतियोगिता आदि करवाया गया। जिसमें सफल छात्रों को पुरस्कार भी दिया गया। पुरस्कार वितरण निदेशक व अतिथियों के हाथों हुआ।

अपने संबोधन में एएसपी ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें पूरे मन से पढ़ाई करने की नसीहत दी। वही उन्होंने कहा कि खेलकूद व गीत संगीत भी पढ़ाई के अंग है। छात्रों को सभी विधा में दक्ष होना चाहिए। उन्होंने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की और कहा कि इस विद्यालय के छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। वही निदेशक ब्रह्मा ठाकुर ने अपने संबोधन में विद्यालय के अबतक के सफर पर प्रकाश डाला तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास को अपना लक्ष्य बताया। उन्होंने कहा कि हमारे लक्ष्य को हासिल करने में यहां के शिक्षकों की भूमिका सराहनीय है। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वार्षिकोत्सव को संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षक इंद्रसेन, विशाल, विष्णु, मुर्मु सर, संजय, पूनम, सिकंदर, अर्चना आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई। इस दौरान सैकड़ो अभिभावक व कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़की भरौली गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में चार लोग जख्मी हो गए। जख्मी में उपेंद्र भर को गंभीर चोटें आई हैं। सभी जख्मी को पुलिस ने स्थानीय सीएचसी में इलाज कराया। इधर, दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। एक पक्ष के आयरन यादव ने उपेंद्र राय, संजय राय, अंजोरिया देवी व धर्मशीला देवी को नामजद करते हुए उनके द्वारा जान बूझकर मारपीट करने तथा घर से एक बक्से में रखे गए 20 हजार रुपए व आभूषण जबरन उठाकर ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष के उपेंद्र राय ने आयरन यादव, झुन्ना यादव एफआईआर दर्ज कराया है।

### निरंजनपुर से गायब किशोर का मिला शव

**बक्सर।** निरंजनपुर गांव से पांच दिन पहले गायब किशोर का शव औद्योगिक थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव के पास गंगा नदी के किनारे मिला है। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर औद्योगिक थाने की पुलिस ने शव को कब्जें लिया। बाद में उसकी शिनाख्त इसी थाना क्षेत्र के निरंजनपुर गांव के विकास गुप्ता के रूप में हुई है। वह 24 मार्च को ही अपने घर से गायब हो गया था। बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

### युवक से 3 लाख 75 हजार की ठगी

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का ढकाइच गांव के एक युवक को साइबर ठगों ने अपने जाल में फंसा कर 3 लाख 74 हजार 160 रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाने में दर्ज प्राथमिकी में युवक द्वारा बताया गया कि मेरे मोबाइल के व्हाटसएप न. पर एक मैसेज आया कि इंस्टाग्राम पर सेलिब्रिटी को फॉलो करना है उसके बाद आपको 50 रुपये मिलेगा। इसी बात में युवक फंस गया 24 से 25 मार्च के बीच युवक को पैसा देते गया। ऐसे में उसके खातों से 3 लाख 74 हजार निकासी कर ली गई।

**राममय हुआ डुमरांवः छठिया पोखरा स्थित महावीर मंदिर में की जाएगी हनुमान जी व शस्त्र की पूजा**

# आज रामनवमी पर निकलेगी शोभा यात्रा मन मोह लेंगी विभिन्न तरह की झाकियां

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की खुशी में गुरुवार को रामनवमी का त्योहार मनाया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली है। इससे पहले बुधवार की रात सभी घरों में कलश रख मातारानी का पूजन किया जाएगा। वहीं गुरूवार को कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें देवी मंदिर में नवमी के उपलक्ष्य में हवन, कन्या पूजन तथा आरती का आयोजन होगा। वहीं डुमरांव में श्री महावीरी झंडा पूजा समिति द्वारा भव्य जुलूस निकाला जाएगा। जबकि विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल द्वारा विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। पूर्व संध्या पर इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जुलूस में हाथी, घोड़े, उंट, कई तरह की झांकियां, परंपरागत हथियारों पर करतब दिखाते युवा समेत हजारों लोग शामिल होंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक श्री महावीरी झंडा पूजा समिति के संयोजक गुप्तेश्वर प्रसाद उर्फ गुरूजी ने बताया कि हर साल रामनवमी के मौके पर प्रभु श्रीराम के अराध्य भक्त हनुमान जी की शोभा यात्रा निकाली जाती है। उन्होंने कहा कि गुरूवार को सुबह आठ बजे छठिया पोखरा स्थित महावीर मंदिर में परंपरा के अनुसार हनुमान जी की पूजा व शस्त्र पूजा की जाएगी। उसके बाद रथ पूजन कर रथ को पूरे शहर में भ्रमण कराया जाएगा। वहीं शाम चार बजे से यह रथ यात्रा जुलूस में तब्दील हो जाएगा। जिसमें कई तरह की झांकियां, देश के प्रसिद्ध ढोल ताशे, हाथी, घोड़ा, उंट आदि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसकों ले सदस्यों के बीच जिम्मेवारियां तय कर दी गई है। वही समिति के मनोज केसरी, कृष्ण कुमार केसरी, रमेश केसरी आदि ने बताया कि इस बार का महाबीरी झंडा जुलूस काफी भव्य होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।



### सुबह में निकलेगा बाइक जुलूस

वही विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल द्वारा एक विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी। यह बाइक रैली श्रीकाली आश्रम से शुरू होकर पूरे शहर में भ्रमण करेगी। बजरंग दल के विकास पाठक, संटू मित्रा आदि ने बताया कि बाइक रैली में सैकड़ो युवा शामिल होंगे। उनकी बाइकों पर भगवा झंडा लगाया जाएगा। विकास ने बताया कि बजरंग दल द्वारा प्रत्येक साल रामनवमी पर यह जुलूस निकाला जाता है। सदस्यों के बीच इस रैली को सफल बनाने की तैयारी भी की जा रही है। अधिक से अधिक युवाओं को इसमें शामिल कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बाइक रैली के आयोजन से युवाओं में उत्साह व्याप्त है तथा बड़ी संख्या में युवा इसमें भाग लेंगे।

**भगवा झंडो से पट गया शहरः** वहीं रामनवमी का उत्साह अब सड़कों पर दिखाई पड़ रहा है। हिंदूवादी संगठनों द्वारा पूरे शहर को भगवा झंडो से पाट दिया गया है। वर्ष प्रतिपदा शुरू होने के साथ ही डुमरांव का स्टेशन रोड, राजगोला रोड, चौक रोड आदि में सड़क के दोनों किनारे भगवा झंडे तो लगाए ही गए है इसके अलावे सड़के बीचोबीच रस्सी के सहारे भी भगवा पताका लहराया जा रहा है। चैत्र प्रतिपदा के दिन से ही रामनवमी का उत्साह डुमरांव में देखने को मिल रहा है। पूर्व संध्या से ही डुमरांव में ढोल-ताशों की गूंज सुनाई पड़ने लगी है।

**प्रशासन सजगः** रामनवमी जुलूस को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए स्थानीय प्रशासन भी सजग हो गया है। डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि रामवमनी जुलूस पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि आयोजकों को पहले ही जरूरी निर्देश दे दिया गया है। जुलूस के दौरान चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे।

# बक्सर के अंबेडकर छात्रावास के पीछे मिला युवक का शव

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय स्थित नगर थाना क्षेत्र के ज्योति चौक के पास अंबेडकर छात्रावास के पीछे एक युवक का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव होने की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान में जुट गई। मृतक युवक की पहचान कोइरपुरवा निवासी स्व विद्या ठाकुर के पुत्र सागर कुमार के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि युवक नशे करता था। कब यह पहुंचा किसी को पता नहीं चला। पुलिस ने शव के पास नशे के यूज किए भारी मात्रा में इंजेक्शन पाया।

जानकारी के मुताबिक नशेड़ी चोरी छुपे छात्रावास के पीछे छुप कर नशे किया करते थे। वार्ड पार्षद हिटलर कुमार सिंह ने बताया कि मृतक युवक नशे की आदि था। अक्सर चोरी छुपे नशा किया था। नशे के ही कारण प्रथम द्दष्टया मौत प्रतीत हो रहा है। नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया था कि छात्रावास के पीछे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान की तो मृतक युवक की पहचान कोइरपुरवा निवासी के रूप में की गई। उन्होंने बताया कि मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

# बक्सर डीईओ कार्यालय में अगलगी... टूटी अलमीरा व ताला कर रहे साजिश का इशारा

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के पुराने डीईओ कार्यालय में मंगलवार को हुई आगलगी की घटना किसी गहरी साजिश की ओर इशारा कर रही है। बता दें कि आगलगी की इस घटना में शिक्षक नियोजन संबंधित कई महत्वपूर्ण संचिकाएं जल गई हैं। वही आगलगी के पहले वहा का एक गेट व उसका ताला टूटा था। जबकि अंदर रखी फाईलों वाला ताला भी टूटा पाया गया है। वहीं संचिकाएं भी गायब हैं। अब सवाल उठता है कि जब पुराने डीईओ कार्यालय में बिजली का कनेक्शन नहीं है तो आग कैसे लगी।

गौरतलब है कि डीईओ कार्यालय वर्षों पहले दूसरे जगह पर शिफ्ट हो चुका है। ऐसे में यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि जब कार्यालय शिफ्ट हुआ तो महत्वपूर्ण संचिकाओं को आखिर यहां क्यों छोड़ दिया गया था। जानकारों की मानें तो शिक्षकों के नियोजन में बड़े पैमाने में पर खेल किया गया है। नियोजन की जांच कर रही निगरानी विभाग को भी इसके इंपुट मिलने की बात बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि निगरानी को फर्जी सर्टिफिकेट पर बहाल होने वाले शिक्षकों के संबंध में जानकारी मिली है तथा विभाग बड़े पैमाने पर कार्रवाई की रणनीति में जुटा था। ऐन पहले हुई इस अगलगी की घटना कहीं दोषियों को बचाने और जांच को प्रभावित करने के लिए तो नहीं की गई है, ऐसा सूत्रों का कहना है। सूत्रों की मानें तो कहीं ऐसा तो नहीं कि अगलगी की यह घटना किसी गहरी साजिश की तहत तो नहीं हुई है। बहरहाल डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद गेंद अब पुलिस के पाले में आ गई है। देखना है नगर थाने की पुलिस इसकी तफ्तीश कितना जल्दी कर पाती है। वहीं जानकारों का कहना है कि यदि पुलिस इसकी गहराई से जांच करें तो कई चौकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। जानकारों की मानें तो पुलिस की जांच के जद में यह तथ्य भी आ सकता है कि आखिर कार्यालय शिफ्ट होने के बाद यहां महत्वपूर्ण संचिकाओं को किसके भरोसे छोड़ा गया था।

## एक नजर

### मंदिरों में विधि विधान से हुई महागौरी की पूजा



**डुमरांव।** वासंतिक नवरात्र के आठवे दिन बुधवार को शक्ति की अराध्य देवी के आठवे स्वरूप महागौरी की पूजा की गई। विभिन्न देवी मंदिरों में अष्टमी पर दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही थी। सबसे अधिक भीड़ डुमरांव के चर्चित मां काली आश्रम में था। इसके अलावे भगवती मंदिर, राजगढ़ चौक स्थित काली मंदिर, रेलवे स्टेशन के पास स्थित पंच मंदिर भी श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र बना रहा। देवी मंदिरों में महागौरी की पूजा के साथ ही निशा पूजन भी किया गया है। वही सुबह व शाम में भव्य आरती में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बता दें कि बुधवार के दिन पड़ने वाले अष्टमी का महत्व बढ़ जाता है। यही कारण है कि अष्टमी पर देवी भक्तों का सैलाब विभिन्न मंदिरों में उमड़ा था। डुमरांव के अलावे कोपवां में नये बने काली मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### बक्सर में एनएसयूआई ने निकाला मशाल जुलूस



**बक्सर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोक सभा सदस्यता रद्द किए जाने के बाद से सियाशत थमने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार की देर शाम को एनएसयूआई ने मशाल जुलूस निकाल विरोध जताया। इसका नेतृत्व एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक अनुराग राज त्रिवेदी ने किया। पुराना चौक से शुरू हुआ यह जुलूस ठठेरी बाजार, सब्जी मंडी होते हुए वीर कुंवर सिंह चौक पहुंच संपन्न हुआ। जहा अपने संबोधन में राष्ट्रीय संयोजक अनुराग ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा एक साजिश के तहत कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करवाया जाना लोकतंत्र के लिए खतरे जैसा कृत्य है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने खिलाफ बोलने वाले पर दमनात्मक रवैया अपना रही है। लेकिन एनएसयूआई इस हिटलरशाही रवैये को बर्दाशत नहीं करेगी। मौके पर एनएसयूआई के जिला सचिव दीपक राय, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार, दिलिप यादव, यूवा कांग्रेस महासचिव, आदर्श कुमार, रिंकू गिरी, रामप्रतिक चौबे, मोनू चौबे, विशाल खरवार, करण अर्जुन, प्रिंस, कन्हैया, डब्लू, सोनू, मनी ,दीपक, रोहित, विवेक, टोनी, अमित कुमार समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रोलर स्केटिंग के प्रतिभागी सम्मानित



**डुमरांव।** नगर के चाणक्या कॉलोनी स्थित न्यू वुडस्टाक स्कूल परिसर में एक समारोह आयोजित कर रोलर स्केटिंग के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले बक्सर जिले के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। उन्हें बक्सर जिला रौलर स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सह स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार उर्फ बब्लू पाठक ने अपने हाथों प्रमाण पत्र व मोमेंटो प्रदान किया। उन्होंने रौलर स्केटिंग में बक्सर के खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए कहा कि बहुत कम समय में इस खेल में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से राज्य स्तर पर परचम लहराया है। मौके पर प्रतिभागी चंद्रशेखर पांडेय, आदित्य कुमार, आनंद करोटिया आदि कई उपस्थित रहें, साथ ही उक्त स्कूल के शारीरिक शिक्षक सह जिला कोच नमो मिश्र, नवनीत कुमार श्रीवास्तव, अभिभावक धनंजय पाण्डे, शुशील राम, सुनील कुमार बारी, विंध्याचल ओझा, आनंद तिवारी आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

**चार वर्षों से जलजमाव से घिरा है दोनों गांवों के बीच का मुख्य मार्ग, ग्रामीणों को सता रहा संक्रामक बीमारियों का खतरा**

# नचाप छोटकाडीह मार्ग पर जलजमाव से परेशान हैं ग्रामीण, प्रशासन मौन

**केटी न्यूज/चौगाईं**

स्थानीय प्रखंड के नचाप छोटकाडीह गांव का मुख्य मार्ग पिछले चार वर्षों से जलजमाव से घिरा है। जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से जलजमाव के कारण अब इससे दुर्गंध उठने लगा है। जिससे ग्रामीणों में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों की मानें तो इस सड़क के किनारे नाले का निर्माण नहीं होने के कारण नचाप गांव के वार्ड नम्बर तीन के घरों से निकलने वाला नाली का पानी मुख्य रास्ते पर वर्षो से जमा हो गया है। नचाप छोटकाडीह गांव में जाने वाले रास्ते पर जलजमाव लगभग चार वर्षों से हो रहा है। वहीं आवागमन के लिए लोगों को दूसरे रास्ते का अब सहारा भी लेना पड़ रहा है। पानी से बदबू आने से लोगों को संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है।



**मौन साधे हैं प्रतिनिधि, प्रशासन बेखबरः** इस जलजमाव के कारण जहां सैकड़ो परिवारों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। वही स्थानीय जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए है। वही प्रशासनिक अधिकारी भी इस समस्या से बेखबर है। ग्रामीणों का कहना है कि नाले का निर्माण कराने न तो पंचायत के प्रतिनिधि आये और न ही अधिकारी। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर गंदा पानी जमा होने से आवागमन ने दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश होने पर स्थिति और भी खराब हो जा रही है। कई बार ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारियो को समस्या के लिए अवगत कराया गया। लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

**पंचायत चुनाव के समय मुखिया ने कराया था जलनिकासीः** ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव के दौरान निवर्तमान मुखिया द्वारा वोट लेने के लिए मुख्य रास्ते का जलजमा हटवा दिया गया था। लेकिन चुनाव बीतने के बाद उन्हें फिर से इसकी सुधि नहीं आई। लिहाज जल्दी ही सड़क जलजमाव से घिर गया। जलजमाव के कारण लोगों में अब संक्रामक बीमारियों के फैलने का भय सताने लगा है।

**जमीन के अभाव में नहीं हो पा रहा है निर्माण- मुखियाः** ग्रामीणों ने बताया कि इस पथ में मुखिया द्वारा अपने निधि से आधा अधूरे नाले का निर्माण कराया गया है। जिससे यह समस्या और गंभीर हो गई है। वहीं पंचायत के मुखिया बीर सिंह ने बताया कि नचाप छोटकाडीह मार्ग पर पूर्व में हो रहे जलजमाव से निजात के लिए लगभग 7 लाख रुपए की लागत से नाले का निर्माण कराया गया है। कुछ हिस्सों में अतिक्रमण व निजी जमीन के चलते निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। सीओ को इसकी जानकारी दी गई है। जमीन उपलब्ध होते ही निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

# जन्मतिथि में हेरफेर करने के मामले में सहायक अध्यापक बर्खास्त



❒ बीएसए ने उठाया बड़ा कदम, एफआईआर दर्ज कराने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**

बीएसए मनिराम सिंह ने लम्बे समय से नौकरी कर रहे सहायक अध्यापक ब्रजनाथ राम को बर्खास्त कर दिया है। इसने अलग-अलग शिक्षण संस्थानों से परीक्षा देकर अपनी जन्म तिथि में सात साल का हेरफेर किया है। बीएसए ने जालसाज शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी को दिया है। बीएसए की इस कार्रवाई से विभागीय गलिगारे में हड़कम्प मच गया है।

बीएसए मनिराम सिंह द्वारा मंगलवार की शाम जारी सेवा समाप्ति आदेश के अनुसार बृजनाथ राम पुत्र टोटा राम रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के जाम गांव का निवासी है। इसकी नियुक्ति एक जुलाई 1999 को बेसिक शिक्षा परिषद में बतौर सहायक अध्यापक हुई थी। ब्रजनाथ की तैनाती जूनियर हाईस्कूल महाराजपुर, शिक्षा क्षेत्र रसड़ा में सहायक अध्यापक के पद पर थी। बृजनाथ के खिलाफ उन्हीं के गांव के श्रीराम नारायण गोंड ने डीएम व बीएसए से शिकायत किया था। उन्होंने अंतिम शिकायत सात नवम्बर 2022 को जिलाधिकारी से की थी। आरोप लगाया था कि ब्रजनाथ राम की दो तरह की जन्मतिथि है। पहली एक दिसंबर 1953 और दूसरी एक दिसंबर 19601 इस संबंध में उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गए पुख्ता प्रमाण भी दिए थे।

**विभिन्न स्तर पर कराई जांच :** बीएसए ने शिकायतों की जांच खंड शिक्षा अधिकारी रसड़ा के माध्यम से विभिन्न स्तर पर कराई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि ड्ट मानव संपदा पर अपलोड अभिलेखों व सेवा पुस्तिका में उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1960 है, जबकि उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार उन्होंने अमर शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, रसड़ा से 1972 में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिसमें उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1953 है। बाद में राधामोहन संस्कृत महाविद्यालय, बैरिया से पूर्व मध्यमा की परीक्षा 1975 में पास की है। यहां उनकी जन्मतिथि एक दिसंबर 1960 है। इस प्रकार अलग-अलग विद्यालयों से जन्मतिथि में परिवर्तन करके उनके द्वारा परीक्षा दी गयी है।

**जन्मतिथि परिवर्तित करके पूर्व मध्यमा परीक्षा पास की :** बीएसए के अनुसार उत्तर प्रदेश सेवा में भर्ती नियमावली 1974 में उल्लिखित है कि सरकारी सेवक की जन्मतिथि हाईस्कूल या समदा परीक्षा के प्रमाण पत्र में अभिलिखित ही मानी जाएगी। बृजनाथ राम ने हाईस्कूल की परीक्षा अमर शहीद भगत सिंह इका, रसड़ा से 1972 में उत्तीर्ण कर ली थी और तथ्य को छिपाकर 1975 में राधामोहन संस्कृत महाविद्यालय बैरिया से जन्मतिथि परिवर्तित करके पूर्व मध्यमा परीक्षा पास की। यदि दो विद्यालयों से एक ही परीक्षा अलग-अलग वर्षों में उत्तीर्ण करने को नजर अंदाज भी कर दिया जाए तो जन्मतिथि में हेरा-फेरी करके परिवर्तन किया जाना नियम विरुद्ध है। ऐसे में स्पष्ट है कि बृजनाथ राम तथ्यों को छिपाकर विभाग को धोखा देकर बीटीसी परीक्षा उत्तीर्ण कर गलत तरीके से सेवा में बने हुए हैं। उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान किया जा चुका है। अब उनके सेवा में बने रहने का कोई नैतिक एवं विधिक आधार नहीं रह गया है।

### यूपी को बिहार से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर बन रहे फोरलेन पुल का उद्घाटन जल्द

# मिलेगी बड़ी सौगात: भरौली-बक्सर पुल पर भारी वाहनों का जल्द शुरू होगा आवागमन

**तिलक कुमार/बलिया**

यूपी-बिहार की सीमा पर बह रही गंगा पर यूपी-बिहार को जोड़ने वाला भरौली-बक्सर के बीच बना पुल नौ वर्षों से भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित है। लेकिन यह इंतजार अब समाप्त होने वाला है। यहां गंगा पर भरौली-बक्सर के बीच बन रहा नया पुल अप्रैल महीने के अंत में चालू हो जाएगा और जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इसके बाद इस पुल पर भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। इस पुल के चालू होने से जनपद के अलावा सीमावर्ती गाजीपुर जिले दर्जनों गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। इस पुल से यूपी-बिहार के बीच लखनऊ-पटना के अलावा यूपी व बिहार के महानगरों के लिए बसों का परिचालन शुरू हो जाएगा। यूपी को बिहार से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर भरौली-बक्सर के बीच वीर कुंवर सिंह सेतु का उद्घाटन वर्ष 1977 में हुआ था। इस पुल के देखरेख की जिम्मेदारी बिहार सरकार के पास है। यह पुल कई बार क्षतिग्रस्त हुआ और कई बार मरम्मत भी हुई। वर्ष 2014 में पुल के अधिक क्षतिग्रस्त होने के कारण इसे भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया गया। लेकिन उस समय लोकसभा चुनाव को वाहनों की आवाजाही देखते हुए जिले में चुनाव संपन्न होने के बाद 12 मई 2014 को बक्सर जिला प्रशासन द्वारा पुल के दोनों तरफ लोहे की बैरिकेडिंग लगाकर भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। तभी से पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद है।



■ 2025 तक जनपद से टीबी को जड़ से खत्म करने का रखा गया है लक्ष्य

इसके चलते बड़े वाहनों को डेढ़ से दो सौ किलोमीटर की अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। वर्ष 2019 में नया पुल बनाने की कवायद शुरू हुई लेकिन कोरोना काल में पुल का निर्माण बंद हो गया। लेकिन बीते छह माह से पुल का काम तेजी से चल रहा है। पुल बनाने वाली एजेंसी एसपी सिंगला के अधिकारियों ने बताया कि पुल के दो सिग्मेंट बचे हैं, जो जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जबकि पुल का एप्रोच बनकर तैयार है। पुल की रेलिंग का काम जोरों पर चल रहा है। एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार पुल अप्रैल महीने के अंत तक चालू हो जाएगा। हालांकि बिहार में बन कर तैयार फोरलेन सड़क से छोटे वाहनों से आने-जाने वाले लोग अभी वीर कुंवर सेतु से ही आ जा रहे हैं।

**यूपी-बिहार के बीच बसों का शुरू होगा परिचालन :** नया पुल चालू होने के बाद पटना-लखनऊ की दूरी कम समय में तय किया जा सकता है। वहीं बिहार एवं उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की नजर नए पुल पर है। पुल चालू होने के बाद बलिया से कोलकाता, रांची, धनबाद, पटना, बक्सर, आदि जगहों के बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। इसी तरह यूपी की सीमा में फोरलेन का काम पूरा होने के बाद पटना-लखनऊ के बीच बसों का परिचालन होने लगेगा।

**विभिन्न तरीके के कारोबार को मिलेगा बढ़ावा :** नया पुल चालू होने का इंतजार लोगों को काफी दिनों से था। इससे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा सब्जी की खेती करने वाले किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। भरौली से दो फोरलेन लिंक मार्ग निकल रहा है। एक फोरलेन सड़क 17 किलोमीटर करीमुद्दीनपुर के पास ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा। तो दूसरी फोरलेन लिंक 18 किमी दूर फखनपुरा के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जुड़ेगा। इस सड़क का निर्माण भी जल्द ही शुरू होने वाला है।

**लाल बालू भी होगा सस्ता :** भरौली-बक्सर के बीच गंगा पर बने वीर कुंवर सेतु के बंद होने का सबसे अधिक लाल बालू के आवक पर हुआ है और इसके चलते जनपद में लाल बालू काफी महंगा हो गया है। लाल बालू का मुख्य खदान बिहार प्रांत के कोईलवर में है। कोईलवर से यूपी की सीमा में प्रवेश के लिए सबसे नजदीक रास्ता बक्सर-भरौली गंगा पुल ही है। पुल के बंद होने के पहले करीब तीन सौ ट्रकें रोजाना लाल बालू लेकर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करती थीं और इसी रास्ते जिले के अलावा गाजीपुर, मऊ, गोरखपुर, गोंडा, आजमगढ़ आदि जनपदों में लाल बालू पहुंचता था।

## लाखों के आभूषण व नगदी उठा ले गए चोर

**गाजीपुर।** करंडा थाने के खिजिरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत सबुआ गांव में बीती रात चोर दो घरों में घुसकर लाखों के आभूषण एवं नगदी उठा ले गए। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। इस मामले में पीड़ित परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इलाके के सबुआ निवासी गजेंद्र सिंह उर्फ गुंजन खाना खाकर परिजनों के साथ मकान के ऊपरी मंजिल पर सोने चले गए। देर रात चोर सीढ़ी का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए। कमरे में रखा आलमारी तोड़कर जेवरात व एक लाख उनतालिस हजार रुपये उठा ले गये। भोर में परिवार की महिला नवरात्रि में देवी पूजा के लिए जल रहे अखंड ज्योति के दीपक में तेल डालने के लिए उठीं तो देखा कि दूसरे रुम का दरवाजा खुला हुआ है। जब वह कमरे में गई, तो देखा कि आलमारी का सारा सामान बिखरा पड़ा है और जेवर गायब है। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। जानकारी होते ही आस-पास के लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों ने बताया कि आलमारी में रखी तीन सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने का झुमका, तीन जोड़े पायल सहित लाखों नगदी सहित अन्य सामान गायब है। इसके बाद चोरों ने कुछ ही दूर हरिश्चंद्र सिंह घर में रखे रमेश सिंह की आलमारी तोड़कर सामान तितर बितर कर दिए हैं। परिजनों ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। इस मामले में परिजनों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

## मां चंडी धाम में दर्शन- पूजन के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अष्टांग योग की अधिष्ठात्री महागौरी स्वरूप की बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां चंडी धाम में दर्शन पूजन किया। मंदिर परिसर "सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते" मंत्र से गूंज उठा। भोर से ही माता के दर्शन के लिए मंदिर की ओर जाने वाली सभी गलियां भक्तों से पटी रही। आरती के बाद मंदिर का कपाट खुलते ही मां चंडी की एक झलक पाने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। स्नान के पश्चात श्रद्धालु हांथों में माता के प्रसाद नारियल व चुनरी लिए मंदिर की ओर पहुंच रहे थे। सुबह होते-होते मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से पट गया। भारी भीड़ के बीच किसी ने गर्भगृह तो किसी ने झांकी से ही मां के भव्य स्वरुप का दर्शन किया।

## रैगिंग के नाम पर जवाहर नवोदय विद्यालय के 11वीं के छात्रों ने कक्षा आठ में पढ़ने वाले छात्रों को बेरहमी से पीटा

♦ विद्यालय प्रशासन ने ग्यारहवीं के 11 छात्रों को निलंबित कर घर भेजा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

स्कूल कॉलेज और यूनिवर्सिटी में रैगिंग को भले ही प्रतिबंधित कर दिया गया हो, लेकिन आज भी कई कॉलेजों में रैगिंग चल रही है। इसका जीता जागता उदाहरण जनपद के जवाहर नवोदय विद्यालय में देखने को मिला, जहां बीती रात विद्यालय में पढ़ने वाले 11वीं के छात्रों ने कक्षा आठ में पढ़ने वाले दो दर्जन से अधिक छात्रों की अपने छात्रावास के रूम में बुलाकर बूफर मांगने के नाम पर जमकर पिटाई किया। इसके बाद स्कूल प्रशासन के द्वारा 11 छात्रों को निलंबित करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। नवोदय विद्यालय में छात्रों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है।

इसी स्कूल में बीती रात कक्षा 11 के छात्रों ने अपने जूनियर क्लास आठ के छात्रों को अपने रूम में बुलाया और करीब रात नौ बजे से लेकर 12 बजे तक उन सभी को बूफर मांगने के नाम पर बैठाए रखा और जब इन छात्रों ने बूफर नहीं होने की बात कही तब इन सभी ने सीनियर की आज्ञा की अह्वेलना करने का आरोप लगाते हुए सभी की लात घुसा और जूतों से जमकर पिटाई की। इसकी गवाही छात्रों के पीठ पर निशान दे रहा है। वहीं घटना की जानकारी के बाद छात्रों के परिजन भी स्कूल पहुंचे और इन सभी लोगों ने उन छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन के द्वारा 11वीं के छात्रों को एक-एक कर उन्हें घर भगा दिया गया है।



घटना के संबंध में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल इकरामुद्दीन सिद्धकी ने बताया कि 11वीं के छात्र और कक्षा आठ के छात्रों में झगड़ा हुआ है। जिसमें आठ के छात्रों की पिटाई की गई है। जानकारी पर विद्यालय के शिक्षक छात्रावास में पहुंचे और मामले को शांत कराया। उन्होंने बताया कि कक्षा 11 के करीब 11 छात्र थे और आठवीं के 15 से 20 छात्र रहे हैं। जिन्हें पीटा गया है।उन सभी के पेरेंट्स को रात में ही फोन करके बता दिया गया और सुबह उन सभी को निलंबित करते हुए विद्यालय से निष्कासित करते हुए उन्हें उनके घर भेज दिया गया। इसकी जानकारी पुलिस को भी दी गई है।

### नपा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत नवदेवी सम्मान से 27 महिलाओं को नौ श्रेणी में किया गया सम्मानित

# सात से 30 मार्च 2023 तक चलाया जा रहा स्वच्छोत्सव- 2023 अभियान

● जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया भव्य कार्यक्रम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगर पालिका परिषद द्वारा "स्वच्छ भारत मिशन" के तहत "नवदेवी सम्मान" समारोह जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारी के लिए 27 महिलाओं को नौ श्रेणी में स्वयं सहायता समूह, वेस्ट टू वेल्थ, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में उद्यमी, सफाई मित्र, मास्टर ट्रेनर, नवाचार, सामुदायिक खाद, निकाय की स्थिति में परिवर्तन, सामुदायिक जागरूकता आदि में योगदान देने वाली महिलाओं को अपर जिलाधिकारी (प्रशासक) व प्रभारी स्थानीय निकाय गाजीपुर अरूण कुमार सिंह एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।




इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लालचन्द्र सरोज ने बताया कि शासन द्वारा सात मार्च से 30 मार्च 2023 तक ह्यह्यस्वच्छोत्सव-2023ह्नह्न अभियान चलाया जा रहा है। इसमें निकाय स्तर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के प्रयास को पहचान कर सम्मानित किया गया है। जिसमें नीलम सिंह, श्रुति यादव, प्रियांजली चौधरी, शीला देवी, चिंता देवी, अमृता सिंह, प्रियंका रावत, संजु देवी, सरिता यादव, उषा साहनी, गिरजा प्रजापति, अनीता देवी, रीमा सिंह, सीमा यादव, गीता देवी, निर्मला देवी, विमला देवी, सरवरी बेगम, जैबुन निशा, गुड़िया देवी, मनीषा रावत, माया देवी, संगीता देवी, रेशमा बानो, रेखा रावत, इन्दू देवी, उषा राजभर शामिल हैं। उक्त कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी मोहम्मदाबाद वीरेन्द्र राव, जमानिया अखिलेश तिवारी, सैदपुर व सादात आशुतोष त्रिपाठी, दिलदारनगर मनोज कुमार पाण्डेय, बहादुरगंज सुरेन्द्र प्रताप सिंह आदि अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पालिका अधिवक्ता जयसूर्य भट्ट द्वारा किया गया।

## एक नजर

### अपहरण व दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को सात वर्ष का सश्रम कारावास

**बलिया।** अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार सप्तम की अदालत में नाबालिग लड़की के साथ बहला-फुसलाकर अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में अभियुक्त गोविंद कुमार कुशवाहा को सात वर्ष का सश्रम कारावास और 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। वादिनी मुकदमा ने थाना मनियर पर एफआईआर कराई थी कि 20 जनवरी 2018 को उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपी बहला फुसलाकर भगा ले गया। अभियुक्त के खिलाफ थाना मनियर में मुकदमा पंजीकृत हुआ। विवेचना के दौरान अभियुक्त के खिलाफ अपहरण करने के साथ-साथ दुष्कर्म करने का भी मामला प्रकाश में आया। विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन के तरफ से साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। अभियोजन के तरफ से विमल कुमार राय विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) व बचाव पक्ष के तरफ से गिरजा शंकर सिंह अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त के खिलाफ दोष साबित पाया। उसे सात वर्ष के सश्रम कारावास व 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भी भोगना होगा।




### नवरात्र : भोर से ही माता के दर्शन के लिए मंदिर की गलियों में भक्तों की लगी कतार

**गाजीपुर।** अष्टांग योग की अधिष्ठात्री महागौरी स्वरूप की बुधवार को श्रद्धालुओं ने मां चंडी धाम में दर्शन पूजन किया। मंदिर परिसर ₹सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते₹ मंत्र से गूंज उठा। भोर से ही माता के दर्शन के लिए मंदिर की ओर जाने वाली सभी गलियां भक्तों से पटी रही। आरती के बाद मंदिर का कपाट खुलते ही मां चंडी की एक झलक पाने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। स्नान के पश्चात श्रद्धालु हांथों में माता के प्रसाद नारियल व चुनरी लिए मंदिर की ओर पहुंच रहे थे। सुबह होते-होते मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से पट गया। भारी भीड़ के बीच किसी ने गर्भगृह तो किसी ने झांकी से ही मां के भव्य स्वरुप का दर्शन किया। दर्शन-पूजन के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन की ओर से मुकम्मल व्यवस्था की गई थी। आज ही रामनवमी के अवसर पर उतर प्रदेश सरकार के निर्देश पर मां चंडी धाम परिसर में रामचरितमानस मानस पाठ का आयोजन किया गया। राहुल बाबा के मंत्रोच्चारण के साथ ही रामचरितमानस मानस पाठ का संगीतमय आयोजन प्रारम्भ हुआ। इस दौरान एसडीएम वीर वहादुर यादव, तहसीलदार जया सिंह नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह बहादुरगंज चौकी इंचार्ज आशुतोष शुक्ला, मां चंडी धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश निरंजन, हरिशंकर राय, सहित सैकड़ों श्रध्दालु मौजूद रहे।



### मृत्यु के बाद भी लाभुकों को भुगतान नहीं हुआ तो होगी कार्रवाई : डीएम

**गाजीपुर।** निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना, क्रियान्वयन तथा संचालन प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में रायफल क्लब सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने उपस्थित पशु चिकित्सकों एवं खण्ड विकास अधिकारियों से अब तक कितने पशुओं को चिन्हित कर पशुपालकों को सुपुर्द किए गए हैं एवं कितने पशुओं को आश्रय स्थल में रखा गया है। कितने गोवंश आश्रय स्थल बनाए गए की जानकारी ली। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस योजना में जरूरतमंद परिवारों में दुधारू पशुओं की सुपुर्दगी की जाए तथा उसका समय से भुगतान भी किया जाए। बैठक में मुख्य पशु चकित्साधिकारी ने बताया कि अबतक 57 स्थायी व अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल बनाए गए हैं। जिसमें 7695 पशु संरक्षित किए गए हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि पशुओं की बराबर वेरिफिकेशन किया जाए। यदि किसी पशु के मृत्यु के बाद भी उसका भुगतान किया जाता है, तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही तय है। उन्होंने निर्देश दिया कि सहभागिता योजना के तहत पशुपालकों में दिए जाने वाले भुगतान समय से किया जाए। इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। पशुओं को हरा चारा की व्यवस्था की जाए साथ ही पशुओं के पानी, साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/पंचायत एवं अन्य सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** विकास भवन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जिसमें में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, उपायुक्त आजीविका मिशन, नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य, क्रीड़ा अधिकारी, जिला समन्वयक तकनीकी सहयोग ईकाई एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों के द्धारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में पोषण पखवारा के सफल क्रियान्वयन, तथा उसके सही ढंग से संचालित करने हेतु वित्तीय कार्य योजना, कायाकल्प से आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पोषाहार वितरण, पोषण ट्रैकर, छत्र रेफरल, सैम बच्चों का समुदाय एवं फैसिलिटी स्तर पर प्रबंधन, आदि बिंदुओं पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विस्तृत समीक्षा के साथ साथ आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया।



### तार टूटकर गिरने से आए दिन बढ़ रहा खतरा

**गाजीपुर।** नंदगंज जल विद्युत उपकेन्द्र के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को विद्युत कटौती तो याद रहती है। लेकिन आपूर्ति याद नहीं रहती। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दिन में तेज हवा की वजह से पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत कटौती तो याद है। लेकिन रात में कितने घंटे विद्युत आपूर्ति हो रही है। यह याद नहीं रहता। इस समय रात में जमकर विद्युत कटौती हो रही है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों तथा किसानों का कहना है कि जब दिन मे 10 से पांच बजे अर्थात छह घंटे की विद्युत कटौती हो रही है, तो रात में कटौती नहीं होनी चाहिए। लेकिन अभी भी रात में हो रही है। बाजार तथा ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत खम्भों के बीच के जर्जर तार अक्सर टूटकर गिर रहे है। इन तारों को बदलने की सख्त जरुरत है।